**Class -VIII**

**Mid Term examination (2025-26)**

**Subject – Hindi**

**Set – C1/C2**

**Solution**

| प्र. स. सेट - C1 | प्र. स. सेट - C2 | प्रश्न-प्रकार | अंक विभाजन | कुल अंक 60 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 10 | अनुच्छेद-विषय प्रतिपादन, अभिव्यक्ति, भाषिक शुद्धता। | 1x5 | 5 |
| 2 | 11 | पत्र - प्रारूप, विषयवस्तु, भाषा | 1x5 | 5 |
| 3 | 4 | छात्र कक्षा में पढ़ाए अनुसार लिखेंगे। | 1x2 | 2 |
| 4 | 5 | क) विशेषण पदबंध<br>ख) सर्वनाम पदबंध<br>ग) संज्ञा पदबंध | 1x3 | 3 |
| 5 | 6 | क) ii) नर्तकी<br>ख) ii) वधुएँ<br>ग) iv) अपकर्ष<br>घ) iv) पितृत्व<br>ड़) i) अभियुक्त<br>च) iii) अधिकरण कारक<br>छ) ii) आशा, तुलना<br>ज) iii) तुरंत, सहारा | 1x11 | 11 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | झ)  iv) प्रतिनिधि<br>ञ) iii) आई<br>ट) (i) कामना, आकांक्षा | | |
| **6** | **7** | **6. निर्देशानुसार कीजिए-**<br><br>**क) मुहावरे का अर्थ लिखिए एवं वाक्य प्रयोग कीजिए (कोई एक) -** आग में घी डालना- क्रोध को और भड़काना, आँखें चुराना - कतराना, सामने न आना<br><br>**ख) संधि-विच्छेद कीजिए (कोई दो)-**   मतानुसार- मत +अनुसार, कवींद्र - कवि +इंद्र , महर्षि- महा + ऋषि<br><br>यथोचित - यथा +उचित<br><br>**ग) समस्तपद का विग्रह कीजिए और समास का नाम बताइए (कोई एक)-** महाकाव्य- महान है जो काव्य (कर्मधारय समास),  लोकप्रिय - लोक में प्रिय  (तत्पुरुष समास) | **3x2** | **6** |
| **7** | **8** | क) बदलू लाख की चूड़ियाँ बेचा करता था परन्तु जैसे-जैसे काँच की चूडियों का प्रचलन बढ़ता गया उसका व्यवसाय ठप पड़ने लगा। अपने व्यवसाय की यह दुर्दशा बदलू को मन ही मन कचौटती थी। बदलू के मन में इस बात कि व्यथा थी कि मशीनी युग के प्रभावस्वरुप उस जैसे अनेक कारीगरों को बेरोजगारी और उपेक्षा का शिकार होना पड़ा है। अब लोग कारीगरी की कद्र न करके दिखावटी चमक पर अधिक ध्यान देते हैं। यह व्यथा लेखक से छिपी न रह सकी।<br><br>ख) लेखक के घर में चिड़िया ने बैठक की छत में लगे पंखे के गोले में अपना घोंसला बनाया। वहाँ इसलिए बनाया होगा क्योंकि वह स्थान ऊँचाई पर, सुरक्षित, गर्म और अज्ञात था। | **3x3** | **9** |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | वहाँ इंसानों की सीधी पहुँच नहीं थी और यह जगह अंडे देने और बच्चों को पालने के लिए उपयुक्त लगी होगी।<br><br>ग) लेखक हरे-भरे पेड़ों को अपना दुश्मन समझ रहा था। लेखक के मन में बस कंपनी के हिस्सेदार साहब के लिए श्रद्धा इसलिए जाग गई कि वह टायर की स्थिति से परिचित होने के बावजूद भी बस को चलाने का साहस जुटा रहा था। कंपनी का हिस्सेदार अपनी पुरानी बस की खूब तारीफ़ कर रहा था। अर्थ मोह की वजह से आत्म बलिदान की ऐसी भावना दुर्लभ थी जिसे देखकर लेखक हतप्रभ हो गया और उसके प्रति उनके मन में श्रद्धा भाव उमड़ता है।<br><br>घ) छात्र स्वमतानुसार करेंगे। | | |
| 8 | 9 | क) देश-प्रेम का अर्थ है – अपने देश से सच्चा प्रेम करना, उसकी रक्षा करना, उसकी प्रगति के लिए काम करना और आवश्यकता पड़ने पर उसके लिए त्याग करना। यह केवल झंडा फहराने या नारे लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि देश की सेवा करना, कानून का पालन करना, और देशवासियों के साथ सद्भाव बनाए रखना भी देश-प्रेम के रूप हैं।<br><br>ख) 'तलवार का महत्व होता है, म्यान का नहीं' से कबीर यह कहना चाहते हैं कि असली चीज़ की कद्र की जानी चाहिए। दिखावटी वस्तु का कोई महत्त्व नहीं होता। इसी प्रकार किसी व्यक्ति की पहचान अथवा उसका मोल उसकी योग्यता के अनुसार तय होता है न कि कुल, जाति, धर्म आदि से।<br><br>ग) यह पंक्ति कहती है कि जिस हृदय में भावनाएँ और देश-प्रेम की प्रेरणा नहीं है, वह हृदय पत्थर के समान है। देश-प्रेम से भरा हृदय ही जीवंत और संवेदनशील होता है। | 2+2 | 4 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **9** | **3** | 1. (iii) दुनिया उसे बहुत पसंद करती है<br>2. (ii) अनोखा और अद्वितीय<br>3. (i) जो स्वदेश पर न पसीजे<br>4. (iv) गयाप्रसाद शुक्ल 'सनेही'<br>5. (ii) स्वदेश के प्रति प्रेम और कर्तव्य | **1x5** | **5** |
| **10** | **2** | 1. लड़की खेल के जोश में अपनी उड़ान की गति तेज़ करते-करते आकाश में ऐसी जगह पहुँच गई, जहाँ लाखों मील तक घना अंधकार छाया था। बस अँधेरा ही अँधेरा, घटाटोप अँधेरा\|<br>2. वह कश्मीर में अमरनाथ के पास एक झील के किनारे उतरी। वह लड़की बेहद थक गई थी और नई दुनिया में आने के कारण कुछ घबराई हुई थी। फिर भी, आसपास के दृश्य देखकर वह बड़ी खुश हुई।<br>3. लड़की को दो घंटे में अंधकार पार करने में सलफता मिलती है \| | **2+2+1** | **5** |
| **11** | **1** | क) (i) आर्थिक तंगी और विद्यालय की दूरी<br>ख) (ii) वह मेहनती और लक्ष्य के प्रति समर्पित थी\|<br>ग) (iii) दीक्षा गाँव की अन्य लड़कियों के लिए प्रेरणा बनी<br>घ) (iii) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है।<br>ड़) (iii) गाँव के लोगों की सेवा करने और लड़कियों को प्रेरित करने के लिए | **1x5** | **5** |

AA